दुर्गापुर में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री बांटी

कसमार। दुर्गापुर पंचायत के 40 जरूरतमंदों के बीच अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, प्रदान संस्था, ग्राम पंचायत दुर्गापुर एवं महिला संगठन की दीदीयों के साझा प्रयास से खाद्यान्न सामग्री बांटी गई। प्रत्येक लाभुक को चावल 10 किलो, दाल एक किलो, नमक एक किलो, आलू 2 किलो, हल्दी-100 ग्राम, कपड़ा साबुन 2, नहाने का साबुन 2, बिस्किट एक पैकेट, सरसों तेल 500 ग्राम व मूढ़ी एक पैकेट दिया गया। वितरण स्थानीय मुखिया सरिता देवी, पंसस अंजु देवी, उपमुखिया भीम प्रसाद महतो, वार्ड सदस्य कपिलेशवर महतो, सुबल महतो, आशमा बीबी, सरिता देवी, संगीता देवी, रीता गोस्वामी, सुनीता देवी, जयंती देवी, नुनीवाला देवी, संजू देवी, अमीरूना बीबी व अन्य ने किया।